NBT
नवभारत टाइम्स

# गाजियाबाद में नकली शराब गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

डिसक्लेमर:यह आर्टिकल एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड हुआ है। इसे नवभारतटाइम्स.कॉम की टीम ने एडिट नहीं किया है।

भाषाUpdated: 18 Oct 2020, 11:28:00 PM

गाजियाबाद, 18 अक्टूबर (भाषा) नकली शराब की 48 पेटी जब्त करने के साथ पांच लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कविनगर थाने के प्रभारी नागेंद्र चौबे ने पीटीआई को बताया कि शनिवार रात को सरदारपुर गांव में एक गोदाम में छापा मारा गया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान फर्रुख, शाहरुख, वारिश, आजाद और रहीस के तौर पर की गयी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे रोजाना नकली शराब की 100 पेटी तैयार करते थे। पुलिस ने बताया

गाजियाबाद, 18 अक्टूबर (भाषा) नकली शराब की 48 पेटी जब्त करने के साथ पांच लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कविनगर थाने के प्रभारी नागेंद्र चौबे ने पीटीआई को बताया कि शनिवार रात को सरदारपुर गांव में एक गोदाम में छापा मारा गया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान फर्रुख, शाहरुख, वारिश, आजाद और रहीस के तौर पर की गयी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे रोजाना नकली शराब की 100 पेटी तैयार करते थे। पुलिस ने बताया कि वे नकली शराब को मेरठ, नोएडा और बुलंदशहर में बेचा करते थे।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ghaziabad/five-arrested-for-fake-liquor-gang-busted-in-ghaziabad/articleshow/78737655.cms